दिनांक 21 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के पास हुए पाइपलाइन का संधारण कार्य पूर्ण , जल प्रदाय सुचारू रूप से जारी , महापौर श्री देवेंद्र यादव के प्रयासों से 12 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से 4 ओवरहेड टैंक को पानी दिया जा रहा है! नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 अंतर्गत नवनिर्मित ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के समीप पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के कारण इसे सुधारने के लिए निगम की टीम के दिन रात लगे होने के बाद इसे 13 नवंबर को पूर्ण कर इस पाइप लाइन से जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है! 800 mm की डीआई मुख्य पाइप लाइन 66 एमएलडी से निकलकर शहर के विभिन्न टंकियों में पानी सप्लाई करती है! मुख्यतः यह पाइपलाइन वर्तमान में नेहरू नगर , फरीद नगर , स्मृति नगर और रिसाली को जलापूर्ति कर रही है! ट्रैफिक पुलिस स्टेशन परिसर के नीचे से ही पाइपलाइन गुजरी हुई थी , जिसे बगल में ही शिफ्ट कर दिया गया है! ट्रैफिक पुलिस के भवन निर्माण कार्य के दौरान पाइप लाइन में लीकेज की जानकारी प्राप्त हुई थी, लीकेज धीरे-धीरे बढ़ने पर इसने बड़ा रूप धारण कर लिया था! 66 एमएलडी के मुख्य पाइप लाइन होने के कारण आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर संधारण कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया गया! ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के समीप से ही दो पाइपलाइन गुजरी हुई है एक 66 एमएलडी से कनेक्टेड है और दूसरी 77 एमएलडी से जुड़ी हुई है! पाइप शिफ्टिंग के दौरान जल प्रदाय व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए 77 एमएलडी के पाइप लाइन से नेहरू नगर, रिसाली, फरीदनगर और स्मृति नगर की टंकियों में जलापूर्ति की जा रही थी परंतु अब शिफ्टिंग कार्य पूर्ण हो जाने पर 66 एमएलडी से जल प्रदाय सुचारू रूप से 4 ओवरहेड टंकियों में दिया जा रहा है!
महापौर के प्रयासों से अमृत मिशन फेस टू के तहत 12 टंकियों का निर्माण महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव के प्रयासों से 12 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण कार्य पूरा हो गया है! 66 एमएलडी प्लांट शुरू होने के बाद से आने वाले गर्मी के दिनों में शहर के सभी वार्ड के नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी मिलेगा! 66 एमएलडी की क्षमता वाले फिल्टर प्लांट के निर्माण के बाद इसकी टेस्टिंग पूरी कर ली गई है! रिसाली क्षेत्र के पुरानी टंकी को भी इस फिल्टर प्लांट से जल प्रदाय किया जा रहा है! फरीद नगर में सुबह एवं शाम दोनों समय जल प्रदाय किया जा रहा है! शीघ्र ही 66 एमएलडी से शेष 8 ओवरहेड टंकियों में जलापूर्ति की जाएगी !

जनसंपर्क अधिकारी